


## एक नजर में



### समारोह में ऑक्सफोर्ड के विद्यार्थियों ने किया प्रदर्शन

**सीहोर.** होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह का होमगार्ड्स लाइन में कलेक्टर बालागुरू के के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ. इस अवसर पर कलेक्टर तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने परेड की सलामी ली. समारोह का प्रमुख आकर्षण ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंड्री स्कूल के बैंड दल ने परेड का नेतृत्व किया. जिसने अपने अनुशासन, तालमेल और उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया. छात्रों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई. बैंड और नृत्य दल के शानदार प्रदर्शन की माननीय कलेक्टर एवं एसपी ने प्रशंसा करते हुए बच्चों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया. विद्यालय के चेयरमैन एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन तथा सभी शिक्षकों ने छात्रों को उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.



### नन्दी गौशाला के लोकार्पण में शामिल हुए विधायक

**आष्टा.** कथा वाचक संत गोविंद जाने के आश्रम ग्राम दास्ताखेड़ी में आज नवनिर्मित भव्य नंदी गौशाला का लोकार्पण सम्पन्न हुआ. गौसेवक विधायक गोपालसिंह इंजीनियर भी कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए. नन्दी गौशाला में विधायक इंजीनियर ने संतश्री गोविंद जाने जी की उपस्थिति में नन्दी का पूजन किया. दास्ताखेड़ी से विधायक बोलाई हनुमान मंदिर पहुंचे इस अवसर पर महेंद्रसिंह ठाकुर गऊखेड़ी, धर्मेन्द्र पहलवान मेहतवाड़ा, अजयसिंह गब्बर जावर भी विधायक इंजीनियर के साथ मौजूद थे.




### नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा का किया स्वागत

**आष्टा.** कुशवाहा समाज के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाह का जिला अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाहा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया. अपने उद्बोधन में श्री कुशवाहा ने समाज में एकजुटता, शिक्षा के प्रसार, युवाओं की भूमिका तथा राजनीतिक सहभागिता को बढ़ावा देने पर समाज बंधुओं का ध्यान आकर्षित किया. कार्यक्रम में संरक्षक नारायण सिंह कुशवाहा, तुलसीराम कुशवाह, इंदर सिंह कुशवाह, पूर्व सरपंच हेमराज कुशवाहा, भगवान सिंह कुशवाहा, राज कुशवाहा, संजय कुशवाहा, शुभम कुशवाहा, अमरचंद कुशवाहा पटेल आदि उपस्थित थे. बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री सुनील कुशवाहा द्वारा किया गया.



### एसडीएम ने कुबेरेश्वर धाम पर तैयारियों का किया निरीक्षण

**सीहोर.** एसडीएम तन्मय वर्मा ने कुबेरेश्वर धाम पर आगामी फरवरी माह में आयोजित होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव के लिए की जा रहीं तैयारियों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने मार्ग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, रोड डायवर्सन प्लान, रेल, बसों एवं आटो से श्रद्धालुओं के आने-जाने की स्थिति, एलईडी व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, पानी, फायर सेफ्टी, बिजली, प्रवेश एवं निकासी की व्यवस्था के संबंध में चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समयपूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.



### अगली पीढ़ी को रोबोटिक स्किल का ज्ञान होना जरूरी

**सीहोर.** सेंट एंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल अग्रणी पहल छात्रों के इंजीनियर रिंग कौशल को बढ़ाने के लिए एवं रोबोटिक ज्ञान कुशलता बढ़ाने के लिए सेंट एंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने द विंची सोकरबट चैंपियनशिप मेजबानी की चैंपियनशिप आयोजित की गई .कार्यक्रम का उद्घाटन नपा अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर एवं डीईओ संजय सिंह तोमर ने किया. कार्यक्रम में छात्रों के पालक भी उपस्थित रहे. प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों ने भाग लिया. इस चैंपियनशिप की तैयारी इंटरनेशनल स्टीम रिसर्च के विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में आयोजित हुई. वर्कशॉप में छात्रों को तकनीकी और इंजीनियरिंग स्किल रोबोटिक दक्षता रोबोट बनाना एवं कोडिंग संबंधित नॉलेज बल्कि ब्रांडिंग एवं लोगो डिजाइन भी छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए रोबोट का प्रजेंटेशन भी दिया. प्राचार्य सिस्टर अलका ने कहा कि हमें गर्व है कि हमने दा विंची सोकरबट चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी की. उन्होंने कहा कि सीहोर की अगली पीढ़ी को ज्ञान एवं इंजीनियरिंग स्किल रोबोटिक स्किल कि जानकारी का ज्ञान होना बहुत जरूरी है.

# भीषण ठंड से जनजीवन बेहाल, अलाव बेअसर

## लगातार गिरते तापमान ने तोड़ी वर्षों की ठंड की रफ्तार, अस्पतालों में मौसमी बीमारियों के मरीज बढ़े

- शाम होते ही अलाव जलाकर सर्दी से बचने के करते जतन
- रात को जल्दी ही बाजार में पसर जाता सन्नाटा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 8 दिसंबर. इन दिनों सूबे सहित जिला भीषण सर्दी की मार से जूझ रहा है. रात में जहां हाड़कंपा देने वाली ठंड ने लोगों को बेहाल कर रखा है, वहीं दिन में बर्फीली हवाएं शरीर पर सुई की तरह चुभ रही हैं. सोमवार को अधिकतम तापमान 25.5 दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान 6.5 दर्ज किया गया. सर्दी के बचने के लिए रात को बाजार में जल्दी सन्नाटा पसर जाता है. इतना ही नहीं जगह- जगह अलाव जलाकर लोग सर्दी से बचने के जतन करते हैं.**

इन दिनों भीषण सर्दी ने जिले को चपेट में ले रखा है. दिसंबर माह की शुरुआत से ही न्यूनतम तापमान दस डिग्री से नीचे बना हुआ है, वहीं दिन का तापमान भी 27 डिग्री से ऊपर नहीं जा रहा है. ऐसे में लोगों को दिन में भी ठंड का अहसास हो रहा है. दिनों दिन सर्दी के मुखर होते तेवरों ने लोगों को बेहाल कर रखा है. जिले में इस बार सर्दी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है. पिछले एक सप्ताह से न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज हो रही है, जिससे सुबह-शाम कड़ाके की ठंड ने लोगों को घरों में कैद कर दिया है. शहर के साथ ग्रामीण अंचल में भी तेज हवाओं और घने कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है.

बाजार, चौक-चौराहों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर अलाव ताप रहे लोगों की संख्या बढ़ गई है. इस बार अब तक नगर पालिका की ओर से अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे लोगों को परेशान होना पड़ रहा है.



सीहोर. भीषण सर्दी ने जहां बड़े लोगों को बेहाल कर रखा है वहीं बच्चे भी इससे अछूते नहीं हैं. अलाव जलाकर सर्दी से बचते बच्चे.

अभिभावकों का कहना है कि सीहोर में सुबह की ठंड सामान्य से कहीं अधिक है, ऐसे में बच्चों को स्कूल भेजना जोखिम भरा हो गया है. कई निजी स्कूलों ने समय बदल दिया है, लेकिन सरकारी स्कूलों में अब भी पुराने समय पर कक्षाएं लग रही हैं. माता-पिता प्रशासन से समय में बदलाव की अपील कर रहे हैं.

तेज ठंड से सीहोर के दिहाड़ी मजदूरों की दिक्कतें बढ़ गई हैं. कई जगह सुबह के समय निर्माण कार्य, सफाई अभियान और खेतों का काम देर से शुरू हो रहा है. मजदूरों का कहना है कि ठंड के कारण दिन छोटा हो गया है, जिससे आमदनी पर सीधा असर पड़ रहा है. जिले के ग्रामीण क्षेत्रों इछावर, नसरुल्लागंज, बुधनी और आष्टा में किसानों ने बताया कि तेज ठंड और हवा के कारण फसलों पर पाला गिरने की संभावना बढ़ गई है. नरम सब्जियों और पत्तेदार फसलों पर असर पड़ने का खतरा है. कृषि विभाग ने किसानों को फसलों की सिंचाई व कवरिंग जैसे उपाय अपनाने की सलाह दी है. आरएके कॉलेज स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी के कारण अचानक मौसम बदला है.

### मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीजनल एनफ्लूऐन्जा की रोकथाम, बचाव और नियंत्रण के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि मौसम में होने वाले बदलाव के कारण सर्दी-खांसी (इन्फ्लूएंजा) के लक्षण दिखाई दे सकते हैं, इसलिए इस संक्रमण से बचाव के लिए व्यक्तिगत व्यवहार में परिवर्तन आवश्यक हैं. सीएमएचओ सुधीर डेहरिया ने बताया कि मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता, सामाजिक दूरी, मास्क पहनना आवश्यक है, ताकि संक्रमण न फैले .संवेदनशील समूह जैसे छोटे बच्चे, वृद्धजन, गर्भवती महिलाएं, लंग्स इन्फेक्शन, डायबटीज, हृदय रोग, क्रोनिक लीवर वाले मरीजों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है.

### पिछले एक सप्ताह का तापमान एक नजर में

| दिनांक | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 2 दिसंबर | 27.0 | 9.0 |
| 3 दिसंबर | 26.0 | 8.0 |
| 4 दिसंबर | 26.2 | 9.2 |
| 5 दिसंबर | 25.5 | 7.5 |
| 6 दिसंबर | 24.5 | 5.4 |
| 7 दिसंबर | 24.5 | 7.5 |
| 8 दिसंबर | 25.5 | 6.5 |

(नोट : तापमान डिग्री सेल्सियस में, स्त्रोत : मौसम विभाग)

### आज से 18 तक बंद रहेगा रोपवे



**रेहटी/सलकनपुर.** देवी धाम सलकनपुर में दर्शनार्थियों की सुविधा एवं सुगम यात्रा के लिए संचालित रोपवे का परिचालन आज से 18 दिसंबर तक अस्थाई रूप से बंद रहेगा. कन्वेयर रोपवे सर्विस सलकनपुर के प्रबंधक राजू श्रीवास्तव ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि रोपवे की मुख्य रस्सी (रोप) बदलने और अन्य तकनीकी सुधार के लिए विशेषज्ञ टीम काम कर रही है. यह कार्य आने वाले समय में रोपवे को और अधिक विश्वसनीय, सुरक्षित बनाने में मदद करेगा. जहां मेंटेनेंस कार्य में 9 दिसंबर से आगामी 18 दिसंबर तक 10 दिनों से अधिक का समय लग सकता है इन दिनों मेंटेनेंस कार्य के कारण दर्शनार्थियों को निर्धारित समय तक रोपवे की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकेगी. 18 दिसंबर के बाद रोपवे अपने नियमित समय पर पुन: शुरू कर दिया जाएगा और श्रद्धालु पहले से बेहतर अनुभव के साथ मां के दरबार तक पहुंच सकेंगे. रोपवे के परिचालन का अस्थाई तौर से अवरुद्ध होने के दौरान यात्री अपनी सुविधा अनुसार वाहन द्वारा सड़क मार्ग एवं पैदल सीढ़ी मार्ग से मंदिर पहुंच सकेंगे.

## लैपल पिन लगाकर जुटाई सहयोग राशि

नवभारत न्यूज

**सीहोर 8 दिसंबर.** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर बालागुरू के सहित सभी अधिकारियों को जिला कल्याण बोर्ड के संयोजक सूबेदार श्री हरिनारायण सहित अन्य पूर्व सैनिकों ने लैपल पिन लगाकर सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया और सहयोग राशि प्राप्त की.



कलेक्टर बालागुरू के ने कहा कि भारतीय सैनिक कठिन परिस्थितियों में हर समय देश की सीमा की रक्षा करते हैं. उन्होंने कहा कि हम सब भी भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में उदारतापूर्वक आर्थिक सहयोग देकर सेना की त्याग और सेवा की उत्कृष्ट परंपरा के सहयोगी बनने के लिए गौरव का अनुभव कर सकते हैं. उन्होंने सभी से झण्डा दिवस के उपलक्ष्य में दान करने की अपील की. प्रतीक चिह्नों के प्रतिफल स्वरूप प्राप्त दान राशि शहीद सैनिकों की विधवाओं के इलाज एवं उनके बच्चों की शिक्षा, विवाह आदि के लिए आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान की जाती है.

## मुनादी का असर, खुला-खुला नजर आया बाजार

- एक दिन पहले व्यापारियों को नपा ने दी थी हिदायत
- नपा के अमले ने गांधी रोड व मेन रोड का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 8 दिसंबर.** सोमवार को शहर के व्यस्ततम गांधी रोड के अलावा मेन रोड भी काफी खुला- खुला नजर आया. हालांकि इस दौरान कुछ दुकानों का सामान नाली के बाहर रखा था, लेकिन नपा के अमले को देखकर उन्होंने सामान अंदर कर लिया था. शहर में अतिक्रमण के कारण बिगड़ते हालात और जाम से लोगों को होने वाली परेशानी को देखते हुए नगरपालिका द्वारा शनिवार को शहर के व्यापारियों की बैठक बुलाकर उन्हें निर्देशित किया था कि दुकानों का सामान अगर सड़क पर रखा पाया जाता है तो उनके खिलाफ पांच हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की जाएगी. नगर में स्थायी तौर पर दुकानों के सामने खड़े होने वाले हाथठेलों को लेकर भी निर्देशित किया गया था कि वह बाजार में एक जगह खड़े पाए गए तो चालानी कार्रवाई की जाएगी. इसके बाद नपा और व्यापारियों के बीच रजामंदी हुई थी कि वह नाली तक सामान रख सकते हैं. नपा की इस मुनादी का सोमवार को असर भी देखा गया. दुकानदारों ने नाली तक ही सामान रखा था. गांधी रोड सहित मेन रोड



काफी खुला- खुला नजर आ रहा था. हालांकि गांधी रोड पर कुछ दुकानदारों ने दुकान के काफी बाहर तक सामान लटका रखा था, लेकिन नपा के अमले को देख उन्होंने सामान उतारना शुरू कर दिया था. नपा के अमले ने समझाईश दी कि अब अगर सामान रोड़ पर नजर आया तो सामान जब्त कर लिया जाएगा व चालानी कार्रवाई भी की जाएगी. इस दौरान नपा के अमले को देखकर हाथठेले वालों ने वहां से सरकने में ही भलाई समझी.

## पेयजल चोरी करते 12 किसानों की पकड़ी मोटर

- आष्टा नगरपालिका के अमले ने रात में की धरपकड़
- जब्त मोटरों की नगरपालिका करेगी नीलामी

नवभारत न्यूज

**आष्टा 8 दिसंबर.** नपा द्वारा पार्वती नदी में संग्रहित जल को सुरक्षित रखने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं. एसडीएम नितीन टाले के मार्गदर्शन में सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति द्वारा सर्चिंग दल गठित किया गया है जो पार्वती नदी के किनारे सटे ग्रामों का नाव के माध्यम से एवं पैदल चलकर सर्चिंग कार्य कर रहे हैं.



नपा सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति ने बताया कि गठित सर्चिंग दल द्वारा अभी तक लगभग एक दर्जन ग्रामीणजन जो अवैध रूप से विद्युत जल मोटर नदी में डालकर आष्टा नगर के लिए संग्रहित व सुरक्षित जल की चोरी कर अपने खेतों की सिंचाई कर रहे थे, ऐसे ग्रामीणजनों पर सख्त कार्यवाही करते हुए सिंचाई कार्य में लिप्त सभी विद्युत जल मोटरों को जप्त किया गया है. सीएमओ श्री प्रजापति ने बताया कि पार्वती नदी में संग्रहित जल नगरवासियों के लिए सुरक्षित है, ऐसे में नदी में ग्रामीणजनों द्वारा विद्युत जल मोटर के माध्यम से पानी की चोरी की जाना अपराध की श्रेणी में आता है. जप्त मोटरों को राजसात कर नीलामी की कार्यवाही की जाएगी. नपा ने ग्रामीणजनों से आग्रह किया है कि पार्वती नदी के पानी की अवैध रूप से चोरी करना बंद करें.

## पंचायतों के उप चुनाव का कार्यक्रम घोषित

नवभारत न्यूज

**सीहोर 8 दिसंबर.** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए उप निर्वाचन कार्यक्रम घोषित किया गया है.

जिले में पंच के 8 और सरपंच का 1 पद रिक्त है.इसमें सीहोर जनपद की ग्राम पंचायत बिजलोन, धबोटी और भोजनगर शामिल हैं. आष्टा जनपद की ग्राम पंचायत भानाखेड़ी, डूका, झरखेड़ी, जताखेड़ा एवं लसूडिया हटेसिंग शामिल हैं. इछावर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बोरदीकलां भी शामिल है.

सोमवार को निर्वाचन की सूचना, सीटों के आरक्षण एवं मतदान केंद्रों की सूचना का प्रकाशन किया गया है तथा इसी तारीख से नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है.

नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 15 दिसंबर है. नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा 16 दिसंबर, नाम वापस लेने, अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने तथा निर्वाचन प्रतीकों के आवंटन की अंतिम तारीख 18 दिसंबर निर्धारित की गई है. मतदान 29 दिसंबर को होगा. दी गई जानकारी के अनुसार इसी क्रम में केवल पंच पद के लिए मतदान केंद्र पर की जाने वाले मतगणना 29 दिसंबर को ही की जाएगी.

**टीएल बैठक** — मतदाता सूची के प्रकाशन से पहले सूक्ष्म निरीक्षण करने के दिए सख्त निर्देश

## अवैध कालोनियों के निर्माण पर सख्ती से लगाएं रोक : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**सीहोर 8 दिसंबर.** कलेक्टर बालागुरू के ने टीएल बैठक में सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए.

कलेक्टर बालागुरू के ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में कहीं भी बिना अनुमति कॉलोनी विकसित करने या निर्माण कार्य करने की गतिविधि पाई जाए तो तत्काल रोक लगाई जाए और संबंधितों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए. अवैध कॉलोनियों से आमजन को मूलभूत सुविधाओं का अभाव होता है और भविष्य में अनेक समस्याएं उत्पन्न होती हैं. इसलिए राजस्व अमला सतर्क रहते हुए नियमित रूप से क्षेत्र का निरीक्षण करे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल जिला प्रशासन को दें. उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अवैध निर्माण या कॉलोनी विकसित करने वालों के खिलाफ नियम अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि जिले में सुव्यवस्थित और नियमानुसार विकास को बढ़ावा मिल सके.

बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्वाचन कार्य की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए ईआरओ एवं एईआरओ को निर्देशित किया कि वे मतदाता सूची का बारीकी से निरीक्षण कर लें. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे, इसके लिए नाम, पता, उम्र, फोटो सहित सभी प्रविष्टियों का सावधानीपूर्वक मिलान किया जाए. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि त्रुटिरहित एवं शुद्ध मतदाता सूची लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है, इसलिए प्रकाशन से पहले हर प्रविष्टि का सूक्ष्म सत्यापन आवश्यक है. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ यह कार्य करते हुए त्रृटि रहित मतदाता सूची का प्रकाशन सुनिश्चित करें. बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, रविन्द्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा, श्रीमती स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर जमील खान सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे.




कलेक्टर बालागुरू के ने भावान्तर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए मंडियों में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि मंडी में सोयाबीन की आवक पर निरंतर नजर रखी जाए, ताकि कोई अपात्र किसान या व्यापारी अपनी सोयाबीन की बिक्री न कर सके. सोयाबीन खरीदी की मॉनिटरिंग के साथ-साथ व्यापारियों के स्टॉक की जांच भी सुनिश्चित की जाए, जिससे अनियमितताओं की कोई संभावना न रहे. उन्होंने यह भी कहा कि व्यापारी खरीदी के बाद तुरंत माल का उठाव करें.

### रोजगार मेले में 700 पदों पर होगी भर्ती

**सीहोर.** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 09 दिसंबर को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा. रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे. रोजगार मेला मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 700 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नए प्रकरण तैयार कर इसके साथ ही शासकीय आईटीआई द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदकों को चयनित किया जाएगा.